3. राज्य बलों द्वारा सिविलियन क्षेत्रों में सशस्त्र विप्लवियों से टक्कर लेना जिसके फलस्वरूप सिविलियन की प्राण हानि हो जाये।

नीचे दिये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1 और 3

(b) 1 और 2

(c) केवल 3

(d) उपर्युक्त में कोई नहीं

70. निम्नलिखित परिच्छेद पर विचार कीजिये :

*संवाद, द्वंद्व समाधान के सबसे महत्वपूर्ण साधनों में से एक है। इसमें बातचीत अथवा परस्पर विवेचन द्वारा, अर्थ की रचना का बोध निहित होता है। संवाद के पीछे भावना यह है कि पृथककर्ता समूहों को साथ लाएँ, जिनके व्यक्तिगत अनुभव और प्रत्यक्षण भिन्न हों और कभी, उनके बीच हिंसक द्वंद्व का इतिहास भी रहा हो। संवादीय द्वंद्व समाधान क्रियाविधि का लक्ष्य है उस समान ध्येय के लिये, समन्वित क्रिया के लिये स्थितियाँ तैयार करना, जो है : हिंसा का अंत और एक समावेशी एवं शांतिपूर्ण समाज का प्रादुर्भाव।*

उपर्युक्त परिच्छेद से, आप दो द्वन्द्वपूर्ण कर्त्ताओं के बीच सफल संवाद के लिए सर्वश्रेष्ठ विकल्प किसे मानेंगे ?

(a) बातचीत से तय किये गये परिनिर्धारण पर पहुंचने में मजबूत पक्षकार की प्रभुता

(b) एक अर्थपूर्ण संबंध बनाने पर कार्य

(c) इसे समय हासिल करने के एक साधन के रूप में प्रयुक्त करना

(d) एक असममित संबंध की रचना करना

***निर्देश :—***

निम्नलिखित छः ***(06)*** प्रश्नांशों में दो कथन हैं, कथन I और कथन II। इन दोनों कथनों का सावधानीपूर्वक परीक्षण कीजिए और इन प्रश्नांशों के उत्तर नीचे दिये गए कूट की सहायता से चुनिए :

***कूट :***

(a) दोनों कथन व्यष्टित: सत्य हैं और कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण है

(b) दोनों कथन व्यष्टित: सत्य हैं, किन्तु कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण ***नहीं*** है

(c) कथन I सत्य है, किन्तु कथन II असत्य है

(d) कथन I असत्य है, किंन्तु कथन II सत्य है



www.bdust.com

71. Statement I : Crooke's glass for spectacles contains rare earth metal oxides of praseodymium and neodymium.

Statement II : Crooke's glass is characterized by its ability to absorb ultraviolet light and to transmit visible light completely.

72. Statement I : Heavy water is used as moderator in nuclear reactor.

Statement II : Thermal neutrons are used for fission reaction in a reactor.

73. Statement I : Conversion of coal to diamond is a physical change.

Statement II : Physical change does ***not*** change the composition of the material.

74. Statement I : The Finance Commission makes principles which govern the grants-in-aid of revenues given to the States out of the Consolidated Fund of India.

Statement II : Members of the Finance Commission are drawn from all the States and Union Territories.

75. Statement I : Despite the northerly latitude, the climate of U.K. is generally mild.

Statement II : Warm air from North Atlantic Drift and Western Africa combines with cold wet air from the Arctic and Iceland.

76. Statement I : The Greek influence on the Indian art manifested itself in the form of Gandhara School of Art and moved from Taxila to Mathura and Saranath.

Statement II : During Gupta period art became entirely and truly Indian.

www.bdust.com

77. The antipodal position of a place located at 35° south and 80° west is :

(a) 55° north and 80° east

(b) 35° north and 100° east

(c) 100° north and 80° east

(d) 55° south and 10° east

78. The irregularity in the amount of rainfall in different parts of north Indian plains is mainly due to :

(a) irregular intensity of low pressure in the north-western parts of India.

(b) variation in the location of the axis of low pressure trough.

(c) difference in frequency of cyclones.

(d) variation in the amount of moisture carried by winds every year.

71. कथन I : चश्मे के लिए क्रुक्स ग्लास में प्रैजियोडिमियम और नियोडिमियम के दुर्लभ भूधातु के ऑक्साइड होते हैं।

कथन II : पराबैंगनी प्रकाश का अवशोषण और दृश्य प्रकाश का पूर्ण संचरण करने की योग्यता, क्रुक्स ग्लास की विशेषता है।

72. कथन I : भारी जल, नाभिकीय रिएक्टर में विमंदक के रूप में प्रयुक्त होता है

कथन II : तापीय न्यूट्रॉन एक रिएक्टर में विखण्डन प्रतिक्रिया के लिए प्रयुक्त होते हैं

73. कथन I : कोयले का हीरे में बदलना एक भौतिक परिवर्तन है।

कथन II : भौतिक परिवर्तन पदार्थ के संघटन को *नहीं* बदलता।

74. कथन I : वित्त आयोग वे सिद्धांत बनाता है जो भारत की संचित निधि से राज्यों को दिए जाने वाले सहायता अनुदान को नियंत्रित करते हैं।

कथन II : वित्त आयोग के सदस्य सभी राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्रों से लिये जाते हैं।

75. कथन I : उत्तरी अक्षांश के बावजूद, यू.के. की जलवायु सामान्यत: मृदु है।

कथन II : उत्तरी अटलांटिक ड्रिफ्ट और पश्चिमी अफ्रीका से उष्ण वायु, आर्कटिक और आइसलैंड से आई शीत आर्द्र वायु से मिल जाती है।

76. कथन I : भारतीय कला पर ग्रीक प्रभाव ने स्वयं को अभिव्यक्त किया कला की गांधार शैली में और वह तक्षशिला से मथुरा एवं सारनाथ की ओर चली आयी।

कथन II : गुप्त काल के दौरान, कला संपूर्णत: एवं वस्तुत: भारतीय हो गई।

77. 35° दक्षिण और 80° पश्चिम में स्थित एक स्थान की प्रतिव्यासांत स्थिति क्या है ?

(a) 55° उत्तर और 80° पूर्व

(b) 35° उत्तर और 100° पूर्व

(c) 100° उत्तर और 80° पूर्व

(d) 55° दक्षिण और 10° पूर्व

78. उत्तर भारतीय मैदानों के विभिन्न भागों में वर्षा की मात्रा में अनियमितता मुख्य रूप से किसके कारण होती है ?

(a) भारत के उत्तर-पश्चिमी भागों में निम्न दबाव की अनियमित तीव्रता

(b) निम्न दबाव द्रोणिका के अक्ष की स्थिति में विभिन्नता

(c) चक्रवातों की आवृत्ति में भिन्नता

(d) प्रत्येक वर्ष वायु द्वारा धारित नमी की मात्रा में विभिन्नता



(Contd.)

79. Salinity in ocean water decreases when :

(a) evaporation is more.

(b) wind velocity is high.

(c) humidity is high.

(d) rainfall is high.

80. Which one among the following is a deep-water all weather sea port in India ?

(a) Kandla

(b) Marmugao

(c) Paradeep

(d) Vishakhapatnam

81. Why western coast of India receives heavy rainfall but the Deccan Plateau receives very little ?

(a) The Deccan Plateau is situated on the beeward side of the Western Ghats

(b) The region is simply bypassed by the south-west monsoon

(c) There is lack of high mountains in the Deccan Plateau

(d) There is weak low pressure belt

82. Isohaline is an imaginary line joining the places having equal :

(a) radiation.

(b) insolation.

(c) salinity.

(d) sunshine.

83. Which one of the following characteristics related to Nordic countries is true ?

(a) None of them are land locked from all four sides

(b) The Arctic Circle passes through all of them

(c) Inland waterway is the most important means of internal transport

(d) The whole region is ice-capped throughout the year

84. Which one of the following statements about the 'Sir Creek' is correct ?

(a) It forms the boundary between Gujarat and Sind province of Pakistan

(b) It is an imaginary line dividing the river Jhelum between India and Pakistan

(c) It is a narrow stream forming the boundary between India and Myanmar

(d) It is a tiny island and a reputed tourist spot in the Bay of Bengal

85. Consider the following railway zones :

1. North-Eastern Railway
2. Central Railway
3. North-Western Railway
4. South-Eastern Railway.

Which one of the following is the correct order of locations of the headquarters of the above railway zones from west to east ?

(a) 1–2–3–4

(b) 2–3–1–4

(c) 3–2–4–1

(d) 3–4–2–1

www.bdust.com

79. समुद्री जल की लवणता घटती है जब :

(a) वाष्पन अधिक होता है

(b) वायु वेग उच्च होता है

(c) आर्द्रता उच्च होती है

(d) अधिक वर्षा होती है

80. निम्नलिखित में से कौन सा, भारत में गभीर जल सर्व मौसम सागरतट है ?

(a) कांडला

(b) मार्मुगाव

(c) पारादीप

(d) विशाखापत्तनम

81. भारत के पश्चिमी तट में भारी वर्षा, लेकिन दक्षिणी पठार में बहुत कम वर्षा, क्यों होती है ?

(a) दक्षिणी पठार, पश्चिमी घाट के बीवार्ड की तरफ स्थित है

(b) दक्षिण-पश्चिम मानसून इस क्षेत्र के बाहर से गुजर जाता है

(c) दक्षिणी पठार में ऊंचे पर्वतों का अभाव है

(d) वहाँ कमजोर निम्न दाब पट्‌टी है

82. समलवण रेखा, एक काल्पनिक रेखा है जो उन स्थानों को जोड़ती है, जहां समान

(a) विकिरण होता है

(b) आतपन होता है

(c) लवणता होती है

(d) धूप होती है

83. नॉर्डिक देशों से सम्बन्धित निम्नलिखित विशेषताओं में से कौन सी एक सत्य है ?

(a) इनमें से कोई भी चारों ओर से अभिबंधित भूमि नहीं है

(b) आर्कटिक वृत्त इन सभी से होकर गुजरता है

(c) अन्त:स्थलीय जलमार्ग, आन्तरिक परिवहन का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है

(d) सम्पूर्ण क्षेत्र वर्ष भर बर्फ से ढका रहता है

84. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा कथन 'सर क्रीक' के विषय में सही है ?

(a) यह गुजरात और पाकिस्तान के सिंध प्रान्त के बीच सीमा बनाता है

(b) यह भारत और पाकिस्तान के बीच झेलम नदी को विभाजित करने वाली एक काल्पनिक रेखा है

(c) यह भारत और म्यांमार के बीच सीमा बनाने वाली एक संकरी धारा है

(d) यह बंगाल की खाड़ी में एक अतिलघु द्वीप और एक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है

85. निम्नलिखित रेलवे जोनों पर विचार कीजिए :

1. उत्तर-पूर्व रेलवे
2. मध्य रेलवे
3. उत्तर-पश्चिम रेलवे
4. दक्षिण-पूर्व रेलवे

निम्नलिखित में से कौन सा एक, उपर्युक्त रेलवे जोनों का पश्चिम से पूर्व की ओर मुख्यालय अवस्थानों का सही अनुक्रम है ?

(a) 1–2–3–4

(b) 2–3–1–4

(c) 3–2–4–1

(d) 3–4–2–1

www.bdust.com



(Contd.)

Next ***Four (04)*** items are based on the passage given below :

*Roughly extending from 8° north to 38° north latitude and from 68° east to 98° east longitude the country of India is of great geographical extent and diversities. It sprawls from the snowy ranges of the Himalayas in the north to the shores of the Indian Ocean in the south through the great plains and plateaus in between. It is about 3200 km in length from north (Kashmir) to south (Kanyakumari) and 2900 km from west (Gujarat) to east (Arunachal Pradesh). Its vastness in area and variation in tropographic character and geological structure result in great diversities in climate, vegetation, soil, cropping pattern, human activities and so on across the country. It is often known as a subcontinent.*

86. Although the extents of latitude and longitude are same, i.e., 30° why is India's north-south length longer than the east-west length by 300 km ?

    (a) The alignment of the country is such that the north-south length is longer than its east-west length

    (b) The north-south length, which is measured along the meridian (great circle) is longer than the east-west length which is measured along the parallel close to the tropic of cancer (small circle)

    (c) The north-south and east-west lengths can not be compared, as the former is measured along the meridian and the latter along the parallel

    (d) The difference in length is due to variation in scale error along the meridian and parallel

87. Which one among the following is the most important reason behind the prevalence of extreme type of climate in different parts of India ?

    (a) The long latitudinal extent

    (b) The east-west alignment of the Himalayas

    (c) The peninsular location of the country

    (d) The significant variation in altitude

88. Which one of the following is ***not*** an important reason behind the prevailing variation in cropping patterns in the country ?

    (a) Variation in rainfall

    (b) Variation in soil type

    (c) Variation in irrigation facilities

    (d) Variation in altitude

www.bdust.com

89. Which one of the following statements relating to time is ***not*** correct ?

    (a) The local time difference between Gujarat and Arunachal Pradesh is around two hours

    (b) Gujarat saves about one hour time over the IST

    (c) Arunachal Pradesh loses about two hours time over the IST

    (d) The IST is advanced by five hours 30 minutes against the GMT

90. Plants that behave as a Xerophyte in one season and as hydrophyte in another season is known as :

    (a) Saprophytes

    (b) Tropophytes

    (c) Heliotrophytes

    (d) Virotophytes

अगले **चार (04)** प्रश्नांश निम्नलिखित परिच्छेद पर आधारित हैं :

*भारत देश; मोटे तौर पर 8° उत्तर से 38° उत्तर अक्षांश और 68° पूर्व से 98° पूर्व देशान्तर पर विस्तारित विशाल भौगोलिक विस्तार और विविधताओं वाला है। यह उत्तर में हिमालय की बर्फीली पर्वत मालाओं से लेकर, बीच में विशाल मैदानों और पठारों से होते हुए, दक्षिण में हिन्द महासागर के तटों तक विस्तारित है। यह उत्तर (कश्मीर) से दक्षिण (कन्याकुमारी) तक लगभग 3200 km लम्बा है और पश्चिम (गुजरात) से पूर्व (अरुणाचल प्रदेश) तक 2900 km है। इसके क्षेत्र में विस्तार और स्थलाकृतिक लक्षणों और भूवैज्ञानिक संरचना में विभिन्नता के परिणाम स्वरूप पूरे देश में जलवायु, वनस्पति, मृदा, फ़सल-प्रतिरूप, मानव क्रियाएं इत्यादि में बहुत विविधताएं हैं। यह प्राय: एक उपमहाद्वीप के रूप में जाना जाता है।*

86. यद्यपि अक्षांश और देशांतर का विस्तार समान है, जो कि 30° है, भारत की उत्तर-दक्षिण लम्बाई, पूर्व-पश्चिम लम्बाई की अपेक्षा 300 km लंबी क्यों है ?

(a) देश का संरेखण इस तरह है कि इसकी उत्तर-दक्षिण लम्बाई, पूर्व-पश्चिम की लम्बाई की अपेक्षा लंबी है

(b) उत्तर-दक्षिण लम्बाई जो याम्योत्तर (वृहत् वृत्त) के साथ मापी जाती है, उस पूर्व-पश्चिम लम्बाई की अपेक्षा लम्बी है जो कर्क रेखा (लघु वृत्त) के समीप समान्तर के साथ मापी जाती है

(c) उत्तर-दक्षिण और पूर्व-पश्चिम लम्बाइयों की तुलना नहीं की जा सकती, क्योंकि उत्तर-दक्षिण लंबाई याम्योत्तर के साथ और पूर्व-पश्चिम लंबाई समांतर के साथ मापी जाती है

(d) लम्बाई में अन्तर याम्योत्तर और समांतर के साथ मापनी त्रुटि में विभिन्नता के कारण होती है

87. निम्नलिखित में से कौन सा एक, भारत के विभिन्न भागों में प्रचलित जलवायु के चरम रूप के पीछे सर्वाधिक महत्वपूर्ण कारण है ?

(a) लम्बा अक्षांशीय विस्तार

(b) हिमालय का पूर्व-पश्चिम संरेखण

(c) देश की प्रायद्वीपीय अवस्थिति

(d) तुंगता में महत्वपूर्ण विभिन्नता

88. निम्नलिखित में से कौन सा एक, भारत में फसल-प्रतिरूप में प्रचलित विभिन्नता के पीछे एक महत्वपूर्ण कारण ***नहीं*** है ?

(a) वर्षा में विभिन्नता

(b) मृदा-प्ररूपों में विभिन्नता

(c) सिंचाई साधनों में विभिन्नता

(d) तुंगता में विभिन्नता

89. समय के सम्बन्ध में, निम्नलिखित में से कौन सा एक कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) गुजरात और अरुणाचल प्रदेश के बीच स्थानीय समयांतर लगभग दो घंटे है

(b) गुजरात IST पर लगभग एक घंटा समय बचाता है

(c) अरुणाचल प्रदेश IST से लगभग दो घंटे समय की हानि उठाता है

(d) IST, GMT से लगभग पांच घंटे तीस मिनट आगे है

90. जो पौधे एक ऋतु में मरुद्भिद् की तरह और दूसरी ऋतु में जलोद्भिद् की तरह व्यवहार करते हैं, उन्हें क्या कहते हैं ?

(a) मृतजीवी

(b) शुष्कार्द्रोद्भिद्

(c) हीलियोट्रोफाइट

(d) वाइरोटोफाइट



(Contd.)

91. The lake Ontario and St. Lawrence of USA and Canada lie to the south-east of :

(a) Hudson Bay

(b) Labrador Sea

(c) Atlantic Ocean

(d) New Foundland

92. Which of the following is/are coastal cities ?

1. Hamburg
2. Washington
3. Berlin
4. Cairo

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3

(b) 2, 3 and 4

(c) 1 and 4

(d) 1 only

93. Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the lists :

| | *List-I* | | *List-II* |
|---|---|---|---|
| A. | Isobars | 1. | Lines of equal time |
| B. | Isohels | 2. | Lines of equal pressure |
| C. | Isochrones | 3. | Lines of equal salinity |
| | | 4. | Lines of equal duration of sun-light |

***Code :***

| | A | B | C |
|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 |
| (b) | 2 | 4 | 3 |
| (c) | 2 | 4 | 1 |
| (d) | 1 | 2 | 3 |

94. Which one of the following pairs is correctly matched ?

| | *Tropical Cyclone* | *Location* |
|---|---|---|
| (a) | Hurricane | Australia |
| (b) | Willy-Willy | Japan |
| (c) | Baguio | Philippines |
| (d) | Taifu | North Atlantic |

95. Which one of the following can be considered as an initial warning of an approaching Tsunami ?

(a) Thundering noise

(b) Squally winds and rainfall

(c) Rapid withdrawal of water away from the beach

(d) Rapid landward movement of water

96. Which one of the following temple complexes of India does ***not*** represent the typical Nagara style ?

(a) Tigawa, Madhya Pradesh

(b) Nachna, Rajasthan

(c) Deogarh, Uttar Pradesh

(d) Mammalapuram, Tamil Nadu

97. Which one among the following is ***not*** correct about the Subsidiary Alliance ?

(a) It was formulated by Wellesley

(b) British army was posted in the subsidiary state

(c) It did not recognize an adopted heir to a subsidiary state

(d) A British Resident was posted in the subsidiary state



(Contd.)

91. USA और कनाडा के लेक ओंटारियो और सेंट लॉरेन्स किसके दक्षिण पूर्व में स्थित हैं ?

(a) हडसन खाड़ी

(b) लैब्राडोर सागर

(c) अटलांटिक महासागर

(d) न्यू फाउंडलैण्ड

92. निम्नलिखित में से कौन सा/से तटीय शहर है/हैं ?

1. हैम्बर्ग

2. वाशिंगटन

3. बर्लिन

4. काइरो

नीचे दिये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3

(b) 2, 3 और 4

(c) 1 और 4

(d) केवल 1

93. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची-I* | *सूची-II* |
|---|---|
| A. समदाब रेखाएं | 1. समान समय की रेखाएं |
| B. समताप रेखाएं | 2. समान दाब की रेखाएं |
| C. समकाल रेखाएं | 3. समान लवणता वाली रेखाएं |
| | 4. सूर्य प्रकाश की समान अवधि की रेखाएं |

**कूट :**

| | A | B | C |
|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 |
| (b) | 2 | 4 | 3 |
| (c) | 2 | 4 | 1 |
| (d) | 1 | 2 | 3 |

94. नीचे दिये गये युग्मों में से कौन सा एक सही सुमेलित है ?

| | *उष्णकटिबंधीय चक्रवात* | *अवस्थान* |
|---|---|---|
| (a) | हरीकेन | आस्ट्रेलिया |
| (b) | विलि-विलि | जापान |
| (c) | बाग्यो | फिलीपीन |
| (d) | टाइफू | उत्तर अटलांटिक |

95. निम्नलिखित में से किस एक को किसी आसन्न सुनामी की प्राथमिक चेतावनी माना जा सकता है ?

(a) मेघगर्जन शोर

(b) चंडवाती हवाएं और वर्षा

(c) तट से जल का तीव्रता से अपनयन

(d) जल का थल की ओर तीव्र संचलन

96. भारत के निम्नलिखित मंदिर संकुलों में से कौन सा एक, प्रारूपिक नागर शैली को निरूपित ***नहीं*** करता ?

(a) तिगावा, मध्य प्रदेश

(b) नाचना, राजस्थान

(c) देवगढ़, उत्तर प्रदेश

(d) मम्मलपुरम, तमिलनाडु

97. निम्नलिखित में से कौन सा एक, सहायक संधि (सब्सिडियरी एलायंस) के बारे में सही ***नहीं*** है ?

(a) यह वेलेजली द्वारा निरूपित किया गया था

(b) ब्रिटिश सेना समनुषंगी राज्य में नियुक्त की गई थी

(c) यह समनुषंगी राज्य के लिये गोद लिये गये उत्तराधिकारी को मान्यता नहीं देता था

(d) समनुषंगी राज्य में ब्रिटिश रेज़ीडेंट तैनात किया गया था



www.bdust.com

The next ***Three (03)*** items are based on the following passage :

*The permanent settlement vested the land ownership right in the zamindars, who previously enjoyed only revenue collecting rights. Therefore, those who lost out in this settlement were the peasants, who were left at the mercy of the zamindars. The customary occupancy right was ignored and they were reduced to the status of tenants. The provision of patta, or written agreement between the peasant and the zamindar providing a record of the amount of rent to be paid, was rarely followed by the zamindars. Nor was it liked by the peasants who always feared to lose in any formal record of rights and obligations. The burden of high revenue assessment was thus shifted to the peasants, who were often also called upon to pay illegal cesses. The subsequent regulations of 1799 and 1812 gave the zamindars the right to seize property of the tenants in case of non-payment of rent without any permission of a court of law. It is no wonder, therefore, that as a cumulative effect of this support to the coercive power of the zamindars, the condition of the actual cultivators declined under the Permanent Settlement.*

98. According to the passage, the permanent settlement vested :
    (a) revenue collecting rights to zamindars.
    (b) land ownership rights to the state.
    (c) land ownership rights to zamindars.
    (d) customary rights to peasants.

99. Before the permanent settlement the peasants enjoyed :
    (a) customary occupancy rights.
    (b) only tenancy rights.
    (c) high rent demands.
    (d) revenue collecting rights.

100. *Patta* was a written agreement between the :
    (a) peasant and zamindars providing a record of the amount of rent.
    (b) peasants and the state.
    (c) zamindars and the state.
    (d) peasants and zamindars regarding cesses to be paid except rent.

101. Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the lists :

| *List-I (Classification of land under Akbar)* | | *List-II (Explanation)* | |
|---|---|---|---|
| A. | *Polaj* | 1. | Uncultivated for five years and more |
| B. | *Parauti* | 2. | Lain fallow for three or four years |
| C. | *Chachar* | 3. | Left out of cultivation for a time that it may recover its strength |
| D. | *Banjar* | 4. | Annually cultivated for each crop in succession and never allowed to lie fallow |

***Code :***

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |

102. Consider the following statements :
    1. *Akbar Nama* and *Badshah Nama* are the important illustrated Mughal official histories.
    2. While *Akbar Nama* was written by *Abdul Hamid Lahori, Badshah Nama* was authored by *Abu'l Fazl.*
    3. The *Akbar Nama* is divided into three books, of which the third book is the *Ain-i-Akbari*.

    Which of the statements given above is/are correct ?
    (a) 1 only
    (b) 1 and 3 only
    (c) 2 and 3 only
    (d) 1, 2 and 3



(Contd.)

अगले *तीन (03)* प्रश्नांश नीचे दिए गए परिच्छेद पर आधारित हैं :

*स्थायी बंदोबस्त ने भू-स्वामित्व का अधिकार ज़मींदारों में निहित कर दिया, जो इससे पहले केवल राजस्व संग्रहीत करने का अधिकार रखते थे। अत: जो इस बंदोबस्त में वंचित रहे, वे थे किसान, जो ज़मींदारों की दया पर निर्भर रह गये। प्रथागत दखल-अधिकार की उपेक्षा कर दी गई और उनकी हैसियत घट कर काश्तकार की रह गई। पट्टे के प्रावधान का अथवा किसान और ज़मींदार के बीच लिखित करार का, जिसमें दी जाने वाली लगान की राशि का अभिलेख होता था, ज़मींदारों द्वारा विरले ही पालन किया जाता था। ये किसानों के द्वारा भी पसंद नहीं किए जाते थे, जिन्हें हमेशा अधिकारों एवं दायित्वों के किसी भी लिखित अभिलेख से हानि होने का भय रहता था। अत: उच्च मालगुज़ारी निर्धारण का भार किसानों पर स्थानांतरित हो गया जिन्हें अक्सर गैर-कानूनी उपकर भी देने पड़ते थे। 1799 और 1812 के पश्चात्वर्ती विनियमों ने ज़मींदारों को, लगान का भुगतान न होने की दशा में, बिना किसी न्यायालय की अनुमति के काश्तकारों की संपत्ति ज़ब्त करने का अधिकार दे दिया। अत: यह कोई आश्चर्य नहीं है कि ज़मींदारों की प्रपीड़क शक्ति के इस समर्थन के संचयी प्रभाव से वास्तविक कृषकों की स्थिति, स्थायी बंदोबस्त के तहत गिर गई।*

98. परिच्छेद के अनुसार, स्थायी बंदोबस्त से :
(a) ज़मींदारों को राजस्व इकट्ठा करने का अधिकार प्रदत्त हुआ
(b) राज्य को भूस्वामित्व का अधिकार प्रदत्त हुआ
(c) ज़मींदारों को भूस्वामित्व का अधिकार प्रदत्त हुआ
(d) किसानों को प्रथागत अधिकार प्रदत्त हुए

99. स्थायी बंदोबस्त से पहले किसान किस का लाभ प्राप्त करते थे ?
(a) प्रथागत दखल के अधिकारों का
(b) केवल काश्तकारी अधिकारों का
(c) उच्च लगान मांगों का
(d) राजस्व संग्रहण अधिकारों का

100. 'पट्टा' किनके बीच का लिखित करार था ?
(a) किसान और ज़मींदारों के बीच लगान की राशि का अभिलेख दर्शाता था
(b) किसानों और राज्य के बीच
(c) ज़मींदारों और राज्य के बीच
(d) किसानों और ज़मींदारों के बीच, लगान के अलावा भुगतान किये जाने वाले उपकरों के बारे में

101. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये, और सूचियों के नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

| *सूची-I* *(अकबर के अधीन भूमि का वर्गीकरण)* | *सूची-II* *(व्याख्या)* |
|---|---|
| A. *पोलाज* | 1. पांच या अधिक वर्षो से अकृष्ट |
| B. *पड़ौती* | 2. तीन या चार वर्षों से परती पड़ी |
| C. *छाछर* | 3. उतने समय के लिये कर्षण से परे रखी भूमि जिससे वह अपनी शक्ति पुन: प्राप्त कर सके |
| D. *बंजर* | 4. वार्षिक रूप से हर अनुवर्ती फसल के लिए कृषित की गई और कभी परती नहीं पड़ी रहने दी गई |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |

102. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :
1. *अकबरनामा* और *बादशाहनामा* महत्वपूर्ण सचित्र मुगल शासकीय इतिहास हैं।
2. जबकि *अकबरनामा अब्दुल हमीद लाहौरी* के द्वारा लिखा गया था, *बादशाहनामा अबुल फज़ल* द्वारा लिखित था।
3. *अकबरनामा* तीन पुस्तकों में बंटा हुआ है, जिनमें से तीसरी पुस्तक *आईन-ए-अकबरी* है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?
(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3



(Contd.)

103. Which one of the following statements about the moderate leaders of the Indian National Congress is ***not*** correct ?

(a) They criticized the British for drain of wealth from India

(b) They advocated boycott of foreign goods

(c) They ignored the issue of exploitation of Indian rural people by the zamindars

(d) They comprehended the vital role played by India in the imperial economy of Britain

104. Consider the following passage :

*It urged people to resign from government offices, shun the British law-courts, withdraw from schools and colleges and boycott the elections. On the other hand, there was a campaign for using indigenous goods, especially khadi or homespun cloth.*

Which movement does the above passage relate to ?

(a) Swadeshi

(b) Non-cooperation

(c) Civil Disobedience

(d) Quit India

105. Which of the following statements about the Montagu-Chelmsford Reforms is/are correct ?

1. It was approved by King George V.
2. It made the Central Legislature bicameral.
3. The Act explicitly mentioned the appointment of three Indian members to the Council.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3

(b) 1 and 2 only

(c) 2 only

(d) 1 and 3 only

106. Which among the following was the primary aim of the *Swarajya* Party ?

(a) To cooperate with the government in implementing the reforms of 1919

(b) To gain experience of the functioning of representative government

(c) To wreck the scheme of the reform of 1919 by a policy of uniform, continuous and consistent obstruction

(d) To exhibit displeasure over the failure of non-cooperation movement

107. Consider the following statements about the Deccan Riots (1875) :

1. It was a peasant revolt but ***not*** a movement of the poor tribals or landless peasants.
2. It was led by the relatively better-off sections of the peasantry who were called Kunvi peasants in Maharashtra.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

108. Which one among the following was ***not*** a programme adopted by the Congress while launching the non-cooperation movement ?

(a) Surrender of titles and honorary offices, resignation from nominated seats in local bodies, boycott of the official and semi official functions

(b) Withdrawal of children from government schools and colleges

(c) Boycott of elections, foreign goods and government courts

(d) Refusal to pay the revenues to the government

www.bdust.com



(Contd.)

103. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नरमदलीय नेताओं के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौनसा एक सही *नहीं* है ?

(a) वे भारत से संपदा के अपवहन के लिये ब्रिटिश की आलोचना करते थे

(b) वे विदेशी माल के बहिष्कार की वकालत करते थे

(c) वे जमींदारों द्वारा भारतीय ग्रामीण जन के शोषण की समस्या की उपेक्षा करते थे

(d) वे ब्रिटेन की साम्राज्यिक अर्थव्यवस्था में भारत द्वारा निभाई जा रही जानदार भूमिका को समझते थे

104. निम्नलिखित परिच्छेद पर विचार कीजिये :

*इसने लोगों से सरकारी पदों से इस्तीफा देने, ब्रिटिश न्यायालयों से दूर रहने, स्कूल और कॉलेजों से हट जाने और चुनावों का बहिष्कार करने का आग्रह किया। दूसरी ओर स्वदेशी वस्तुओं, खासकर खादी और हस्तनिर्मित कपड़े, के प्रयोग का अभियान था।*

उपर्युक्त परिच्छेद किस आंदोलन से संबंधित है ?

(a) स्वदेशी

(b) असहयोग

(c) सविनय अवज्ञा

(d) भारत छोड़ो

105. मोंटैगु-चेम्सफोर्ड सुधारों के बारे में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

1. यह किंग जॉर्ज पंचम द्वारा अनुमोदित था।
2. इसने केन्द्रीय विधानमंडल को द्विसदनीय बनाया।
3. इस अधिनियम में परिषद में तीन भारतीय सदस्यों की नियुक्ति का स्पष्ट उल्लेख था।

नीचे दिये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2

(d) केवल 1 और 3

106. *स्वराज्य* पार्टी का मुख्य लक्ष्य निम्नलिखित में से कौन सा था ?

(a) 1919 के सुधारों को लागू करने में सरकार से सहयोग करना

(b) प्रतिनिधि सरकार के कार्यकरण का अनुभव प्राप्त करना

(c) 1919 के सुधारों की योजना का ध्वंस, एक एकसमान, सतत् और समनुरूप अवरोधन की नीति द्वारा करना

(d) असहयोग आंदोलन की विफलता पर क्षोभ प्रकट करना

107. दक्कन उपद्रवों (1875) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. यह एक किसान विद्रोह था किंतु गरीब जनजातियों या भूमि-हीन किसानों का आंदोलन *नहीं* था
2. इसका नेतृत्व कृषक वर्ग के अपेक्षाकृत अधिक खुशहाल वर्ग के द्वारा किया गया था जिन्हें महाराष्ट्र में कुन्वी किसान कहा जाता है

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

108. निम्नलिखित में से कौन सा कार्यक्रम कांग्रेस के द्वारा असहयोग आंदोलन प्रारंभ करते समय *नहीं* अपनाया गया था ?

(a) उपाधियों और मानद पदों का त्याग, स्थानीय निकायों में नामांकित स्थानों से इस्तीफा, सरकारी और अर्धसरकारी समारोहों का बहिष्कार

(b) बच्चों को सरकारी पाठशालाओं और महाविद्यालयों से हटा लेना

(c) चुनावों, विदेशी माल और सरकारी न्यायालयों का बहिष्कार

(d) सरकार को मालगुजारी देने से इन्कार



(Contd.)

www.bdust.com

109. Which among the following statements is/are correct ?

1. The Battle of Plassey was won by the British more by their diplomatic skill than by their strength of arms.
2. The Battle of Buxar was culminated with the Treaty of Allahabad and settlement with the Nawab of Awadh.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

110. The cow was an important form of wealth in :

(a) the Rigvedic age.
(b) the later-Vedic age.
(c) the post-Vedic age.
(d) the Epic age.

111. Which one among the following vaishnava saints was the author of *Kirtana-Ghosha* ?

(a) Madhav Kandali
(b) Srimanta Sankardeva
(c) Madhabdeva
(d) Damodardeva

112. Which one of the following was the cause of the Battle of Plassey ?

(a) The English levied heavy duties on the goods entering Calcutta
(b) *Siraj-ud-Daulah* suspected that the English favoured his rivals
(c) The English began to fortify Calcutta
(d) *Siraj-ud-Daulah* was instigated by the French

113. Which one among the following was ***not*** correct about Permanent Settlement in India ?

(a) It was introduced by Lord Cornwallis
(b) It was implemented in Bengal and Bihar
(c) Zamindars were only revenue collectors but not the owners of the land
(d) The cultivators were reduced to the status of tenants

114. Which one among the following is the basis of difference between the Parliamentary and Presidential system of government ?

(a) Power of Judicial review
(b) Method of election of President/Head of the State
(c) Legislative supremacy in law making
(d) Relation between the legislature and the executive

115. Which one of the following statements is ***not*** correct ?

(a) It is the responsibility of the Election Commission to get the names of all eligible voters put on the voters list
(b) Normally a complete revision of the list takes place every five years
(c) Possessing Election Photo Identity Card is compulsory for voting
(d) In rare situations, some criminals and persons with unsound mind can be denied the right to vote

www.bdust.com

109. निम्नलिखित में कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

1. प्लासी का युद्ध ब्रिटिश द्वारा, उनकी शस्त्र-शक्ति से कहीं अधिक उनके राजनयिक कौशल से जीता गया।
2. बक्सर का युद्ध अवध के नवाब के साथ समझौता और इलाहाबाद की संधि से चरमोत्सर्ग पर पहुंचा।

नीचे दिये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

110. गाय किस काल में महत्वपूर्ण स्वरूप का धन थी ?

(a) ऋग्वैदिक काल
(b) वैदिक काल का उत्तर काल
(c) उत्तर-वैदिक काल
(d) महाकाव्य काल

www.bdust.com

111. निम्नलिखित में से कौन सा एक वैष्णव संत 'कीर्तन घोषा' का रचयिता था ?

(a) माधव कंदली
(b) श्रीमंत शंकरदेव
(c) माधवदेव
(d) दामोदरदेव

112. प्लासी के युद्ध का निम्नलिखित में से कौन सा एक कारण था ?

(a) अंग्रेजों ने कलकत्ता में प्रवेश करने वाले माल पर भारी शुल्क लगाए
(b) *सिराज-उद्दौला* का संशय था कि अंग्रेज उसके प्रतिद्वंद्वियों की तरफदारी करते थे
(c) अंग्रेजों ने कलकत्ते की किलेबन्दी शुरू कर दी थी
(d) *सिराज-उद्दौला* को फ्रांसीसियों द्वारा उकसाया गया था

113. भारत में स्थायी बंदोबस्त के विषय में निम्नलिखित में से कौन सा एक सही ***नहीं*** है ?

(a) इसकी शुरुआत लॉर्ड कॉर्नवालिस द्वारा की गई
(b) इसको बंगाल और बिहार में कार्यान्वित किया गया
(c) ज़मींदार केवल मालगुजारी के संग्राहक थे, परन्तु भूमि के स्वामी नहीं
(d) कृषकों की हैसियत घटकर काश्तकार की रह गई

114. निम्नलिखित में से कौन सा एक, संसदीय और अध्यक्षात्मक शासन व्यवस्था के बीच अन्तर का आधार है ?

(a) न्यायिक पुनर्विलोकन की शक्ति
(b) राष्ट्रपति/राज्याध्यक्ष के निर्वाचन की प्रणाली
(c) विधि-निर्माण में विधायी सर्वोच्चता
(d) विधायिका और कार्यपालिका के बीच संबंध

115. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा एक, सही ***नहीं*** है ?

(a) यह निर्वाचन आयोग का दायित्व है कि सभी अर्ह मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में रखवाए
(b) सूची का पूर्ण पुनरीक्षण सामान्यतया प्रत्येक पाँच वर्ष पर होता है
(c) मतदान के लिए निर्वाचन फोटो पहचान पत्र का होना अनिवार्य है
(d) विरल स्थितियों में, कुछ अपराधियों एवं विकृत चित्त के व्यक्तियों को मताधिकार से वंचित किया जा सकता है

116. Consider the following treaties/agreements :

1. Indira-Mujib treaty.
2. Indo-Sri Lanka free trade agreement.
3. Indo-Bhutan treaty of friendship.
4. Indo-Myanmar border trade agreement.

Which one of the following is the correct chronological order of the above (starting with the earliest) ?

(a) 1–2–3–4

(b) 4–2–1–3

(c) 3–1–4–2

(d) 3–4–1–2

117. Identify the correct sequence of the procedure in respect of the Money Bill :

(a) Voting of grants–Vote on account–Cut motions–Appropriation bill

(b) Vote on account–Voting of grants–Appropriation bill–Cut motions

(c) Voting of grants–Cut motions–Vote on accounts–Appropriation bill

(d) Vote on accounts–Appropriation bill–Voting of grants–Cut motions

118. The Constitution of India :

(a) does not provide any clause regarding the President's re-election to the office.

(b) restricts the President's tenure to a maximum two terms.

(c) has been amended to allow a person for only one term as President.

(d) allows re-election of a person to the President's post.

119. Which one among the following disputes is ***not*** included in the 'original jurisdiction' of the Supreme Court of India ?

(a) Between the Government of India and one or more states

(b) Between the Government of India and one or more citizens of India

(c) Between the Government of India and any state or states on one side and one or more states on the other

(d) Between two or more states

120. An amendment bill to the Constitution of India requires to be ratified by legislatures of not less than one half of the states if it seeks to make any change in :

1. Article 54 of the Constitution.
2. any of the Lists in the Seventh Schedule.
3. the representation of states in the Parliament.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 1, 2 and 3

(c) 2 and 3 only

(d) 1 and 3 only

www.bdust.com

116. निम्नलिखित संधियों/करारों पर विचार कीजिए :

1. इंदिरा-मुजीब संधि
2. भारत-श्रीलंका मुक्त व्यापार करार
3. भारत-भूटान मैत्री संधि
4. भारत-म्यांमार सीमा व्यापार करार

निम्नलिखित में से कौन सा एक उपर्युक्त का (आद्यतम से आरंभ करते हुए) सही कालानुक्रम है ?

(a) 1–2–3–4
(b) 4–2–1–3
(c) 3–1–4–2
(d) 3–4–1–2

117. धन विधेयक के विषय में प्रक्रिया के सही अनुक्रम को पहचानिए :

(a) अनुदान के लिए मतदान–लेखानुदान–कटौती प्रस्ताव–विनियोग विधेयक
(b) लेखानुदान–अनुदान के लिए मतदान–विनियोग विधेयक–कटौती प्रस्ताव
(c) अनुदान के लिए मतदान–कटौती प्रस्ताव–लेखानुदान–विनियोग विधेयक
(d) लेखानुदान–विनियोग विधेयक–अनुदान के लिए मतदान–कटौती प्रस्ताव

118. भारत का संविधान :

(a) राष्ट्रपति के पद पर पुनर्निर्वाचन के बारे में किसी खंड का उपबंध नहीं करता
(b) राष्ट्रपति के कार्यकाल को अधिकतम दो पदावधियों तक निर्बंधित करता है
(c) इस प्रकार संशोधित किया गया है कि एक व्यक्ति राष्ट्रपति के रूप में केवल एक पदावधि के लिए अनुमत हो
(d) राष्ट्रपति के पद के लिए किसी व्यक्ति के पुनर्निर्वाचन की अनुमति देता है

119. भारत के उच्चतम न्यायालय की 'आरंभिक अधिकारिता' में निम्नलिखित विवादों में से कौन सा एक समाविष्ट ***नहीं*** है ?

(a) भारत सरकार और एक या अधिक राज्यों के बीच
(b) भारत सरकार और भारत के एक या अधिक नागरिकों के बीच
(c) एक ओर भारत सरकार और किसी राज्य या राज्यों और दूसरी ओर एक या अधिक राज्यों के बीच
(d) दो या अधिक राज्यों के बीच

120. भारत के संविधान में संशोधन विधेयक को कम से कम आधे राज्यों के विधान-मंडलों द्वारा अनुसमर्थन अपेक्षित है यदि वह कोई परिवर्तन करने के लिए है :

1. संविधान के अनुच्छेद 54 में
2. सातवीं अनुसूची की किसी सूची में
3. संसद में राज्यों के प्रतिनिधित्व में

नीचे दिये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) 1, 2 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) केवल 1 और 3



(Contd.)

121. Which of the following statements regarding the fundamental duties is/are correct ?

1. There is no provision in the Constitution for direct enforcement of any of the duties nor for any sanction to prevent their violation.
2. Duties are obligatory for a citizen and that the state should also strive to achieve the same.
3. The fundamental duties in Article 51A is confined to all persons and not to citizens only.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 1 and 2 only
(c) 1, 2 and 3
(d) 3 only

122. Identify the correct sequence of the following coalition/parties in central government in India starting with the earliest :

1. United Front with Congress support.
2. Congress supported by AIADMK and some smaller parties.
3. National Front supported by Left Front and BJP.
4. Section of National Front led by Samajwadi Janata Party, supported by Congress.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 3–4–2–1
(b) 4–3–1–2
(c) 2–4–1–3
(d) 3–2–4–1

123. If the President of India exercises his power as provided under Article 356 of the Constitution of India in respect of a particular state, then :

(a) the Assembly of the state is automatically dissolved.
(b) Article 19 is suspended in the state.
(c) the Parliament assumes the power to legislate on the subject in the State List.
(d) Article 353 comes into force automatically.

124. In which one of the following cases did the Supreme Court of India include the 'right to education' in 'right to life' ?

(a) State of Uttar Pradesh v. Abdul Samad (1962)
(b) Frank Anthony Public School Employees' Association v. Union of India and Others (1986)
(c) Mohini Jain v. State of Karnataka (1992)
(d) Ramanuja v. State of Tamil Nadu (2002)

125. The digital divide refers to the :

(a) division among the politicians on the basis of knowledge and use of computer.
(b) widening of the gap between those who have access to technology and those who do not.
(c) division between people who are computer literate and those who are not.
(d) division of the workforce of the country between specialists and generalists.

www.bdust.com



(Contd.)

121. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से मूल कर्तव्यों के बारे में सही है/हैं ?

1. संविधान में न तो किसी भी कर्तव्य के प्रत्यक्ष प्रवर्तन के लिए और न ही उनके अतिक्रमण के निवारण की अनुशास्ति के लिए कोई उपबंध है।
2. कर्तव्य किसी नागरिक के लिए आबद्धकर है और राज्य को भी इसकी प्राप्ति के लिए प्रयास करना चाहिए।
3. अनुच्छेद 51क में मूल कर्तव्य केवल नागरिकों तक परिरुद्ध नहीं है बल्कि सभी व्यक्तियों के लिए है।

नीचे दिये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) 1, 2 और 3
(d) केवल 3

122. आद्यतम से प्रारम्भ करते हुए भारत में केन्द्र सरकार में निम्नलिखित गठबंधनों/दलों का सही अनुक्रम पहचानिए :

1. कांग्रेस के समर्थन वाला संयुक्त मोर्चा
2. AIADMK और कुछ छोटे दलों द्वारा समर्थित कांग्रेस
3. भा.ज.पा. और वाममोर्चा समर्थित राष्ट्रीय मोर्चा
4. राष्ट्रीय मोर्चे का समाजवादी जनता पार्टी के नेतृत्व वाला, कांग्रेस समर्थित खण्ड

नीचे दिये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 3–4–2–1
(b) 4–3–1–2
(c) 2–4–1–3
(d) 3–2–4–1

123. यदि भारत का राष्ट्रपति किसी विशिष्ट राज्य के संबंध में भारत के संविधान के अनुच्छेद 356 के अन्तर्गत उपबंधित अपनी शक्तियों का प्रयोग करे, तो :

(a) राज्य का विधानमण्डल स्वत: विघटित हो जाता है
(b) राज्य में अनुच्छेद 19 निलम्बित हो जाता है
(c) राज्य सूची के विषय पर विधि-निर्माण की शक्ति संसद अपने हाथ में ले लेती है
(d) अनुच्छेद 353 स्वत: ही प्रवृत्त हो जाता है

124. निम्नलिखित में से किस एक वाद में भारत के उच्चतम न्यायालय ने 'शिक्षा के अधिकार' को 'जीवन के अधिकार' में सम्मिलित किया ?

(a) उत्तर प्रदेश राज्य बनाम अब्दुल समद (1962)
(b) फ्रेंक एंथनी पब्लिक स्कूल एम्प्लॉयीज़ एसोसिएशन बनाम भारत संघ और अन्य (1986)
(c) मोहिनी जैन बनाम कर्नाटक राज्य (1992)
(d) रामानुज बनाम तमिलनाडु राज्य (2002)

125. अंकीय विभाजन किसे निर्दिष्ट करता है ?

(a) कम्प्यूटर के प्रयोग और ज्ञान के आधार पर राजनीतिज्ञों के बीच विभाजन
(b) प्रौद्योगिकी का उपागम रखने वालों और न रखने वालों के बीच बढ़ता हुआ अन्तराल
(c) उन व्यक्तियों के बीच विभाजन, जो कम्प्यूटर साक्षर हैं और जो नहीं हैं
(d) देश के श्रम बल का विशेषज्ञों और सामान्यज्ञों की बीच विभाजन

www.bdust.com